कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–14, अप्रैल 2017


**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

## नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील पंजाब में लॉन्च




इनोवेशन एक दूरदर्शी नज़रिया है, कुछ अलग करने की चाह और यह एक मात्र ऐसा तरीका है जो हमें हमेशा अगली पंक्ति में खड़ा रखता है। इस्पात उद्योग की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड भी इनोवेशन को विकास का मूलमंत्र मानते हुए इनोवेटिव विचारों के साथ आगे बढ़ रही है। इस्पात उत्पादों को सभी मापदंडों पर खरा रखना और साथ ही इतना किफायती रखना की वो सभी की पहुंच में हो, चुनौती होती है और इस चुनौती का हल इनोवेशन के जरिए ही निकाला जा सकता है जिसे कामधेनु लिमिटेड ने बखूबी निभाया है। इसी इनोवेटिव दृष्टिकोण के तहत कंपनी इनोवेटिव उत्पाद, इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल और इनोवेटिव लॉजिस्टिक का उपयोग कर आज एक नये मुकाम पर पहुंच चुकी है।

इसी प्रयास के साथ आगे बढते हुए कंपनी ने एक बार फिर नए और बेहतरीन इस्पात उत्पाद ''**KAMDHENU NXT**'' को चंडीगढ़ के पाँच सितारा ''होटल द ललित'' में लाँच किया। 7 अप्रैल, 2017 को आयोजित इस प्रोडक्ट लॉन्चिंग इवेंट को कंपनी ने जिस जोश के साथ आयोजित किया उसी उत्साह से पंजाब के सभी डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स इसमें सम्मिलित हुए। डीलर्स ने प्रधानमंत्री के **मेक इन इंडिया थीम** को सपोर्ट करने वाले एक ऐसे इंडियन उत्पाद को देखा जो आने वाले समय में उनके बिजनेस मॉडल को नई ऊंचाईयों पर ले जायेगा। इस अनूठे नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील ''**KAMDHENU NXT**'' का डबल रिब डिजाइन कंक्रीट पर 2.5 गुना ज्यादा मजबूत पकड़ बनाता है। जिससे कंक्रीट और इस्पात एक मजबूत इकाई बन जाती है।

**KAMDHENU Nxt**
DOUBLE RIB TMT BAR




इस लांचिंग के मौके पर डीलर्स को सम्बोधित करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि डीलर्स और कंपनी साथ–साथ विकास करे। दोनों एक परिवार की तरह आगे बढ़ते रहें क्योंकि साथ आने से ही किसी लक्ष्य की शुरुआत होती है। इसलिए हम ऐसे उत्पाद बनाने का प्रयास करते है जो इनोवेटिव हो।'' श्री अग्रवाल ने आगे कहा ''इसलिए हमने नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील ''**KAMDHENU NXT**'' को बनाया जो हमारे डीलर्स को ज्यादा से ज्यादा फायदा दिलाएगा।''

''**KAMDHENU NXT**'' के नाम से पेश किया गया यह इस्पात उत्पाद कंस्ट्रशन और इंजीनियरिंग की चुनौतियों को स्वीकार करता है और इसे जिस आधुनिक तकनीक और भौतिक–रासायनिक संरचना के साथ बनाया गया है उससे इसकी ताप सहने की क्षमता, जंग रोधक और डक्टाइल क्षमता इसे नई पीढ़ी का स्टील बनाती है। इन सब खासियतों के साथ इसका किफायती होना इसे कंस्ट्रक्शन का लीडर बनाता है।



# कश्मीर को मिली नई लाइफ लाइन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अप्रैल 2017 को देश की सबसे लंबी सुरंग चेनानी–नाशरी का उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया। इसके उद्घाटन के साथ ही कश्मीर को नई लाइफ लाइन मिल गई जो हर मौसम में कश्मीर को जम्मू से जोड़े रखेगी। ₹ 2519 करोड़ की लागत से बनी यह सुरंग देश की सबसे लंबी सुरंग होने के साथ ही सबसे सुरक्षित सुरंग भी है। एक अनुमान के अनुसार इस सुरंग से प्रतिदिन 27 लाख रुपये के ईंधन की बचत और प्रतिवर्ष 99 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगी।

इस सुरंग के बन जाने से चेनानी और नाशरी के बीच की दूरी 41 किलोमीटर से घटकर महज 10.9 किलोमीटर रह गई है। इस सुरंग के बनने से पहले चेनानी से नाशरी जाने के लिए दुर्गम रास्तों से होकर गुजरना पड़ता था जिसमें दो घंटे से ज्यादा का समय लगता था। बर्फबारी और असामान्य मौसम में घंटो जाम में फसे रहना पड़ता था मगर इस सुरंग के बन जाने से सामान्य तौर पर 2 घंटे का समय बचेगा। अत्याधुनिक तकनीक और प्रौद्योगिकी से बनी इस सुरंग में सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है। हर 150 मीटर पर आपातकालीन एसओएस कॉल बॉक्स और बचाव रास्तों की व्यवस्था की गई है।




# नये आयाम की ओर बढ़ती भारत और बांग्लादेश की मित्रता

हालिया संपन्न हुए बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत दौरे ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के नये अध्याय की शुरुआत की। द्विपक्षीय संबंधों के नज़रिए से बेहद सफल माने जा रहे इस दौरे में भारत और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष तथा साइबर सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में 22 समझौते किए गए।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष शेख हसीना के साथ कई सामाजिक विषयों पर चर्चा की और दोनों देशों के सामाजिक गठजोड़ एवं विश्वास को मजबूत करने पर विचार किया। दोनों ही देश आर्थिक विकास में एक साझेदार के तौर पर आगे बढ़ना चाहते है इसी के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश को विभिन्न परियोजनाओं के लिए 4.5 अरब डॉलर के रियायती ऋण की घोषणा की। दोनों ही देशों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने और कट्टरपंथ से प्रभावी तरीके से निपटने पर जोर दिया। साथ ही भारत ने बांग्लादेश की रक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 50 करोड़ डॉलर की मदद की घोषणा की। दोनों ही प्रधानमंत्रियों ने इस दौरान संयुक्त रूप से भारत और बांग्लादेश के बीच नई रेल और बस सेवाएं शुरू की और एक पुराना रेल मार्ग बहाल किया।

# ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री का भारत दौरा



हाल ही में सम्पन्न हुए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल के चार दिवसीय भारत दौरे में दोनों देशों के बीच कुल 6 करार हुए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष मैल्कम टर्नबुल ने आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भी करार किया। दोनों ही देश के नेताओं ने पारस्परिक हितों के विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया और व्यापक आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए कई दूरदर्शी फैसले किए।

दोनों देशों के नेताओं ने मिलकर आगे बढ़ने के लिए शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आपसी सहमती पर बल दिया। इसी के तहत ऑस्ट्रेलिया 2022 तक 40 करोड़ भारतीयों के स्किल डेवलपमेंट में मदद करेगा और साथ ही भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए यूरेनियम के निर्यात के लिए एक नई आशा की किरण नज़र आई।

# पंजाब डीलर्स मीट एवं अवार्ड समारोह









**शान–ए–पंजाब**
सस्ता आयरन ट्रेडर्स, जालंधर

**सुपर डीलर आवार्ड**
गोयल आयरन स्टोर, मोगा
बंसल सेल कंपनी, लुधियाना
गुप्ता स्टील कार्पोरेशन, जालंधर

**स्टार डीलर अवार्ड**
मानसा स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मानसा
वर्धमान स्टील, पटियाला
मनोहर लाल मदल लाल आयरन मर्चेंट्स, अबोहर
कुंज लाल जय करण, पठानकोट
अंकित–डी स्टील एंड इलेक्ट्रीकल स्टोर, सुजानपुर
अमन स्टील प्राइवेट लिमिटेड, लुधियाना

**एक्सेलेंट कंट्रीब्यूशन अवार्ड**
जुनेजा इस्पात, लधियाना
सोनी साईकिल, लुधियाना
सिंगला आयरन स्टोर, लुधियाना
अग्रवाल स्टील ट्रेडर्स, मलौट
भारत बिल्डिंग मटैरियल, समाना
जिंदल आयरन स्टोर, निहाल सिंह वाला
कौर सेन एंड कंपनी, बाघा पुराना
अग्रवाल आयरन स्टोर, मुकेरियाँ
राम आयरन स्टोर, भटिंडा

**कंसटेंट डीलर अवार्ड**
गोइंदी ट्रेडर्स, जालंधर
सतविंदर सिंह मोती लाल, बरनाला
फकिर चंद एंड संस, मजारी
पंजाब आयरन एंड सीमेंट स्टोर, रामपुरा फूल
गुरुदेव राम सुरिंदर कुमार, तलवंडी भाई
बुलहोवल सीमेंट कार्पोरेशन, बुलहोवाल
अमिन चंद संजीव कुमार, हरियाना
बाबुराम विनोद कुमार, जगरॉव
श्री कृष्णा ट्रेडर्स, पुरहिरान

इस्पात क्षेत्र में इंडियन पॉवर ब्रांड 2016 और मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड अवार्ड से सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड आज उच्च गुणवत्ता और इनोवेटिव उत्पाद पेश करने वाली कंपनी के तौर पर जानी जाने लगी है। कंपनी अपने इनोवेटिव उत्पादों से इंफ्रास्ट्रचर और कंस्ट्रक्शन को नई ऊंचाईयों पर ले कर जा रही है।

कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही डीलर्स को एक परिवार के तरह मानती है और उन्हें हमेशा अपने साथ जोड़े रखने के लिए खास इवेंट का आयोजन करती है। इसी आयोजन के तहत कंपनी ने एक बार फिर चंडीगढ़ में बेहतरीन इवेंट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कंपनी ने अपने नये इनोवेटिव उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट को लांच किया और साथ ही इसके बिजनेस प्लान को उनके साथ साझा किया। यहां इस खास कार्यक्रम में कंपनी ने डीलर्स को इनोवेशन के मूल मंत्र के साथ प्रबंधकीय और मार्केटिंग के गुर सिखाए। साथ ही कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को अवार्ड से सम्मानित भी किया। कंपनी डीलर्स के मनोबल को बढ़ाने और सराहने के लिए निरंतर ऐसे अवार्ड के साथ उन्हें पुरस्कृत करती रहती है। ये अवार्ड डीलर्स को ठीक उसी तरह अलग पहचान दिलाते हैं जिस तरह कामधेनु लिमिटेड ने अन्य इस्पात कंपनियों से अलग पहचान बनाई है।

कंपनी इनोवेशन के साथ–साथ रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करती रहती है चाहे वह बिजनेस मॉडल से जुड़ी हो या साहित्य के रचनात्मकता से। कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने इस आयोजन में एक किताब का भी विमोचन किया जिसे कंपनी के डीलर श्री सुरजीत सिंह जी ने लिखा है। इस किताब में वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा की गई है। खास बात यह है कि किताब को लिखने वाले डीलर ने (श्री सुरजीत सिंह एवं श्री करमजीत सिंह) अपने बेहतरीन प्रदर्शन से नं. 1 डीलर का अवार्ड अपने नाम किया।

यहां कामधेनु के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''साथ काम करना ही सफलता की कुंजी है इसलिए हमें साथ मिलकर कार्य करते रहना चाहिए। हमारा प्रयास निरंतर आगे बढ़ते रहने का भी होना चाहिए ताकि हम नये–नये लक्ष्य को निर्धारित कर सके और ज्यादा बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके।''


कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस समारोह में कंपनी की ओर से श्री वी.के. गहलोत, सीनियर जी.एम. (मार्केटिंग), श्री विवेक माहेश्वरी, ए.जी.एम (बी. डी) और श्री अमित सोनी, ए.जी.एम (ब्रांड प्रमोशन) ने सभी डीलर्स का उत्साहवर्धन किया। इनके अलावा इस इवेंट में कंपनी के फ्रेंचाइजी निदेशक श्री रमेश गोयल, मेसर्स रसिक इंडस्ट्रीज और श्री विजय बंसल मेसर्स बंसल इस्पात उद्योग, कंपनी के पंजाब के डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल, श्री प्रदीप गर्ग एवं श्री दिनेश राठी भी सम्मिलित हुए।

इस प्राडक्ट लॉन्चिंग और डीलर्स मीट के दौरान कंपनी ने उन 28 डीलर्स के नामों की घोषणा की जिन्होंने 6 अलग–अलग श्रेणियों में अवार्ड जीते। डीलर्स को प्रदर्शन के आधार पर दिए गए अवार्ड की श्रेणियां क्रमशः इस प्रकार है शान–ए–पंजाब, सुपर डीलर्स अवार्ड, स्टार डीलर्स अवार्ड, एक्सेलेंट कंट्रीब्युशन अवार्ड और कंस्टेंट डीलर्स अवार्ड।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.04.2017







नये लक्ष्य को निर्धारित कर नये जज्बे के साथ आगे बढ़ना हमेशा ही कामधेनु पेंट्स का मूल मंत्र रहा है। इसी मंत्र ने कामधेनु पेंट्स को देश में सजावटी रंगों की दुनिया में एक खास मुकाम दिलाया है और आज कामधेनु पेंट्स ने सभी मानकों पर खरे उतरते हुए देश में पेंट्स का बादशाह बनने की दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए है। नये लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते इन कदमों में कंपनी के डीलर्स भी पूरी उर्जा के साथ कदमताल दे रहे हैं और हर लक्ष्य को पूरी लगन के साथ से पूरा कर रहे हैं।

लक्ष्य को तय समय में हासिल करना अपने आप में ही एक अलग खुशी देता है। इस खुशी को, कामधेनु पेंट्स ने नाम दिया है **''टारगेट का बादशाह''** और इसे एक उत्सव की तरह भी मनाया है। इस उत्सव को कंपनी ने धीरे–धीरे बड़े ही खूबसूरत तरीके से एक उत्सव शृंखला बना दिया और पूरे देश में हर खास गंतव्य पर अपनी भव्यता को बढ़ाते हुए आज देश की सीमा से परे बढ़ चला है। अब यह उत्सव **''टारगेट का बादशाह 5''** के रूप में 14 से 18 मई, 2017 को दुबई में आयोजित किया जाएगा।

पर्यटन की दुनिया में खास मुकाम हासिल करने वाले दुबई में कंपनी उन डीलर्स को सम्मानित करेगी जिन्होंने **टारगेट के बादशाह 5** में एक अलग नाम हासिल किया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन दुबई के बेहतरीन होटेल जे डब्ल्यू मैरियट में किया जाएगा। साथ ही इस उत्सव की शाम बॉलीवुड के सितारों से भी सजी होगी। यहां अपनी दिलकश आवाज का जादू बिखेरेंगी बेबी डॉल और चिटियां कलाईयां जैसे बेहरीन गाने गाने वाली कनिका कपूर और डीलर्स को टारगेट के बादशाह का अवार्ड देंगी शिल्पा शेट्टी।

दुबई में होने वाले इस भव्य आयोजन में पूरे देश से 500 पेंट्स डीलर्स शामिल होंगे। इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स को दुबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की भी सैर कराएगी। इस टूर के कई पड़ाव होंगे जैसे डाऊ क्रूज जो अपनी झिलमिलाती खूबसूरती के लिए जाना जाता है, रेत के टीलों की बेहतरीन डेजर्ट सफारी और मौज–मस्ती से भरा एक्वा वेंचर (एटलांटिस वाटरपार्क) आदि।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री सतेंद्र बर्थवाल**
**मेसर्स एस. के. ट्रेडिंग कम्पनी**
मेन बाज़ार सेलाकी
मो. 9917153698

**श्री सुमित गोयल**
**मेसर्स लखीराम पेंट एण्ड हार्डवेयर हाउस**
सत्या मोहल्ला चकराता रोड,
देहरादून
मो. 8979519399

**श्री अली**
**मेसर्स रिया ट्रेडिंग्स**
**(कामधेनु कलरमैक्स)**
रिवाड़ी रोड, पटौदी, गुड़गांव, हरियाणा
मो. 9992178456

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092